हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, अप्रैल 24, 2024

11 प्रीति व मोक्षदा को मिला मिस फेयरवेल का खिताब



12 हनुमान जयंती पर निकली शोभा यात्रा



## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के विवाद में युवक पर सूए से हमला

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर स्थित 66 फुटा रोड पर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस झगड़े में एक युवक पर सूएं से भी वार करने की बात सामने आई है। शिकायतकर्ता रोहित का कहना है कि उसके पिता व अन्य परिचित 66 फुटा रोड स्थित एक वाटिका में आयोजित सगाई कार्यक्रम में आए थे। वाटिका के बाहर मेरे पिता का हमारे गांव के ही एक युवक के साथ विवाद हो गया। मैं व मेरा दोस्त सुलह कराने लगे। इसी बीच उस युवक तथा उसके परिचितों ने मुझ पर भी हमला कर दिया। सूएं से मुझ पर वार किया। उधर, सेक्टर-6 पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कुछ नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### सड़क पर मिला ट्रांसपोर्टर का शव

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा में बुपनिया रोड पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। उसकी बाइक भी नजदीक खड़ी थी। घटना सोमवार शाम की है। व्यक्ति के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर शिनाख्त करीब 41 वर्षीय अनूप के रूप में हुई। मूलतः हिसार जिले के चानौत गांव का रहने वाला था। फिलहाल यहां पटेल नगर में रह रहा था। मानेसर में ट्रांसपोर्टर था। पुलिस ने परिजनों के बयान पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव चमनपुरा के नजदीक हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामले के जांच अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो पाई। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम कराने के बाद शिनाख्त

# तनाव की शिकार हो रही कामकाजी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- भाग-दौड़ भरी जीवनशैली और खान-पान में अनियमितता के कारण महिलाओं की शारीरिक समस्याएं बढ़ी

बदलते सामाजिक परिवेश में महिलाएं बड़े पैमाने पर तनाव की शिकार हो रही हैं। इनमें कामकाजी महिलाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। जीवन ज्योति अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति मलिक के अनुसार भाग-दौड़ भरी जीवनशैली और खान-पान में अनियमितता के कारण महिलाओं की शारीरिक समस्याएं बढ़ गई हैं। जहां घरेलू महिलाओं को घर के माहौल से तनाव होता है, वहीं कामकाजी महिलाएं घरेलू व बाहरी दोनों कारणों से तनाव की अधिक शिकार हो रही हैं।



डॉ. ज्योति मलिक

### ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी

दरअसल, घर-परिवार के हर सदस्य की सेहत का ख्याल रखने वाली महिलाएं अपने स्वास्थ्य को हमेशा नजरअंदाज कर देती हैं। ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बदतर है। वहां जागरूकता की इतनी कमी है कि कई बार वे नीम हकीमों के जाल में उलझ जाती हैं। वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति मलिक के अनुसार घर और बाहर की जिम्मेदारियां संभालने के कारण महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर ठीक ढंग से ध्यान नहीं दे पातीं। महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। उनका मानना है कि महिलाएं अक्सर अंदरूनी शारीरिक बदलावों और समस्याओं को लेकर भीतर ही भीतर जूझती रहती हैं। इस कारण शारीरिक व्याधियों के साथ ही उनका मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ने लगता है। वे अपनी शारीरिक और मानसिक तकलीफों के बारे में खुलकर बात नहीं कर पातीं। नतीजतन उन्हें न सही समय पर इलाज मिल पाता है और न सलाह। डॉ. ज्योति मानती हैं कि आधी आबादी के मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ने वाली शारीरिक और मानसिक हिंसा घरेलू ही नहीं कामकाजी और आत्मनिर्भर महिलाएं भी झेलती हैं। अपनों से मिलने वाला कटुतापूर्ण व्यवहार मानसिक स्वास्थ्य को सबसे अधिक हानि पहुंचाता है।

# कार चालक ने बच्ची को दूर तक घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई
- जटवाड़ा मोहल्ला में हुआ हादसा

जटवाड़ा मोहल्ला में एक कार चालक ने दो वर्षीय मासूम बच्ची को रौंद दिया। इतना ही नहीं, काफी दूर तक उसे घसीटता भी ले गया। इस हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका एक निजी अस्पताल में ईलाज जारी है। वहीं, परिजनों की शिकायत पर इस संबंध में गाड़ी चालक युवक के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज हुआ है।

पुलिस को दी शिकायत में लंबी गली की निवासी सुनीता ने कहा है कि 19 अप्रैल की दोपहर को मैं अपने चबूतरे पर बैठी थी और दो वर्षीय पौती त्रिशा मकान के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान एक कार तेज गति में आई और मेरी पौती को टक्कर मार दी। पौती को रौंदकर कार आगे बढ़ने लगी तो वह उसमें फंस गई। करीब 30 मीटर तक कार उसे घसीटती ले गई। मैं व आसपास मौजूद लोग गाड़ी के पीछे भागे। पौती को गाड़ी के नीचे से निकाला। उसे काफी चोट आई थी, बेहोश हो चुकी थी। इसके बाद बच्ची को अस्पताल में लेकर गए।

वहीं, सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। सुनीता की शिकायत पर सिटी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कार चालक भी उसी गली का रहने वाला बताया गया है। उसकी पहचान हो गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# शहर के नूना माजरा और छिकारा कॉलोनी में चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में स्थित छिकारा कॉलोनी और गांव नूना माजरा में चोरी की वारदात हो गई। ताले तोड़कर मकानों में घुसे चोर नकदी व मोबाइल फोन आदि सामान पर हाथ साफ कर गए। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत दे दी है। सदर थाना पुलिस और लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश मूल के प्रविंद्र का कहना है कि वह यहां छिकारा कॉलोनी की गली नंबर सात में रहता है। सोमवार की शाम को मकान बंद करके किसी काम के सिलसिल में रेलवे रोड पर गया था। कुछ देर बाद लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर 11 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन नहीं मिला। उधर, सूचना पाकर लाइनपार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रविंद्र ने चोरी का शक पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर लगाया है। शिकायत के आधार पर लाइनपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, नूना माजरा के निवासी राकेश का कहना है कि उसके बच्चे दिल्ली में गए हुए थे। गत 21 अप्रैल की दोपहर को मैं भी एक परिचित के यहां शादी-समारोह में चला गया। उसी रात को अज्ञात चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। रात करीब तीन बजे जब घर आया तो ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सब कुछ अस्त-व्यस्त था। जांच के दौरान 26 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। वहीं, सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

# मौसम के बदले मिजाज ने किसानों और आढ़तियों की बढ़ाई चिंता

## तेज आंधी से अनाज मंडी में बनी अव्यवस्था, बारिश से तापमान गिरा, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- जिले की मंडियों व खरीद केंद्रों पर 81 हजार 875 मीट्रिक टन गेहूं और 45 हजार 657 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

मंगलवार सांय एकाएक मौसम का मिजाज बदला। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी चलने लगी। बीच-बीच में पानी की तेज बौछारों ने किसानों और आढ़तियों की परेशानियों का बढ़ा दिया। आढ़ती तिरपाल लेकर फसल को ढकने के लिए दौड़े। गणीमत यह रही कि बारिश नहीं हुई। लेकिन तेज आंधी के कारण अव्यवस्था माहौल बन गया। अनाज मंडी परिसर में जहां आढ़ती परेशान दिखाई दिए, वहीं खेतों में किसान और बाजार में दुकानदारों को भी व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत हुई।



झज्जर। तेज आंधी के बीच गुजरते हुए वाहन और राहगीर। फोटो : हरिभूमि

उधर, मंडियों व खरीद केंद्रों पर उठान कार्य में तेजी नहीं होने के कारण भी आढ़तियों व किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि 81 हजार 875 मीट्रिक टन गेहूं और 45 हजार 657 की खरीद की जा चुकी है। जबकि मंडियों से अभी तक 28 हजार 535 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है वहीं खरीद की गई 34 हजार 346.68 मीट्रिक टन सरसों उपज का उठान हो चुका है। मंडियों और खरीद केंद्रों पर निरंतर गेहूं आवक एकाएक बढ़ रही है। मंडियों व खरीद केंद्रों पर फसल बिक्री के लिए आने वाले किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने खरीद एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

- बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण हुई दुर्घटना
- देशवाल कॉम्पलेक्स में मसाला पीसने की दुकान चलाता था

क्षेत्र के ढाकला गांव के नजदीक बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण हुई दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ढाकला गांव निवासी करीब 27 वर्षीय विकास पुत्र जसवंत के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी रूपेश ने बताया कि विकास शहर के पुराना बस स्टैंड के सामने स्थित देशवाल कॉम्पलेक्स में मसाला पीसने की दुकान चलाता था। सोमवार की शाम जब वह दुकान बंद करके बाइक पर अपने गांव लौट रहा था। जब वह ढाकला मोड के नजदीक पहुंचा तो अचानक नील गाय सामने आने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ जा टकराई। इस दुर्घटना में विकास की मौत हो गई। परिजनों के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# कार व बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- बादली मार्ग पर स्थित उखलचना कोट गांव के नजदीक हुआ हादसा

शहर के बादली मार्ग पर स्थित उखलचना कोट गांव के नजदीक एक तेज गति कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान खुंगाई गांव निवासी करीब 52 वर्षीय श्रीभगवान पुत्र मुख्त्यार सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भतीजे मोहित पुत्र रणबीर ने बताया कि सोमवार की रात करीब आठ बजे जब झज्जर से खुंगाई की ओर जा रहा था उसके आगे ही उसके चाचा श्रीभगवान भी अपनी बाइक पर चल रहे थे। जैसे ही वे कोट गांव के अड्डे के नजदीक पहुंचे तो उनके आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिस कारण उसके चाचा श्रीभगवान की बाइक कार के पीछे जा लगी। टक्कर लगने से उसका चाचा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद वह उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

चिकित्सकों ने श्रीभगवान को मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि श्रीभगवान ने रेवाड़ी मार्ग पर टायर पंचर की दुकान की रखी थी। जब वह सोमवार शाम दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था तो उखलचना कोट गांव के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे मोहित की शिकायत पर संबंधित कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# नेशनल हाईवे-9 पर कंक्रीट अवरोधक से टकराई कार, पूर्व फौजी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- सेना से रिटायर्ड बिजेंद्र मूल रूप से चरखी-दादरी जिले का रहने वाला था

नेशनल हाइवे-9 पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां नयागांव बाईपास चौक के निकट एक कार अनियंत्रित होकर कंक्रीट अवरोधक से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 54 वर्षीय बिजेंद्र के रूप में हुई है। सेना से रिटायर्ड बिजेंद्र मूल रूप से चरखी-दादरी जिले का रहने वाला था। फिलहाल दिल्ली के मुखर्जी नगर में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, सोमवार को वह किसी शादी समारोह में शिरकत करने के बाद रोहतक की ओर से दिल्ली जा रहा था। देर रात को जब बहादुरगढ़ में बाईपास पर पहुंचा तो यहां उसकी कार अनियंत्रित हो गई। इससे गाड़ी पत्थरों से टकरा गई। इस हादसे में उसे काफी चोट आई। किसी राहगीर की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। एचएल सिटी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। अस्पताल में बिजेंद्र को लेकर गए तो चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। वहीं सूचना पाकर बिजेंद्र के परिजन भी बहादुरगढ़ की ओर दौड़े। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक तौर पर गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे की आशंका जताई जा रही है।



बहादुरगढ़ : दुर्घटनास्थल पर पत्थरों से टकराई बिजेंद्र की कार।

## हनुमान जयंती पर मान परिवार ने किया 62वें विशाल देशी घी के भंडारे का आयोजन

# लोवा कलां गांव में किया बजरंगी को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा कलां में मंगलवार को दिन भर बजरंगी के जयकारे गूंजते रहे। भंडारे का शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ। गांव सिद्दीपुर लोवा में सत्रह के प्रधान चौ. अशोक मान ने हनुमान जयंती पर 62वें विशाल देशी घी के भंडारे का आयोजन किया। इसमें सांसद डॉ. अरविंद शर्मा व विधायक डॉ. कुलदीप वत्स समेत अनेक हस्तियों तथा हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।





बहादुरगढ़। लोवा कलां में हुए हवन में आहूति डालते दलबीर मान व अन्य, सांसद डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते दलबीर व सिकंदर मान। फोटो : हरिभूमि

लोवा सतरह के पूर्व प्रधान स्व. चौधरी श्रीचंद मान व उनकी धर्मपत्नी स्व. वेदवती मान द्वारा शुरू किया गया हनुमान जन्मोत्सव समारोह मंगलवार को भी मनाया गया। सुबह गांव लोवा कलां में हवन यज्ञ हुआ, जिसमें वेद मंत्रों के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। जबकि कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने वेद मंत्रों से वातावरण को शुद्ध किया। यज्ञ में अशोक मान, दलबीर मान और सिकंदर मान के साथ विराट मान, पारस मान, सूर्या मान और आर्यन मान ने भी आहुति डाली। समारोह में सांसद डॉ. अरविंद शर्मा और पालम 360 खाप के प्रधान रामकुमार सोलंकी, महरौली 96 के प्रधान चौधरी पृथ्वी सिंह, तिहाड़ 28 के प्रधान चौधरी राकेश नंबरदार, सुरेहडा 18 के प्रधान चौधरी देवेंद्र यादव, ढांसा 12 के प्रधान चौधरी खजान सिंह डागर, भाकियू के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दलजीत सिंह डागर, गुलिया 84 खाप के प्रधान चौधरी सुनील गुलिया, नौगामा के प्रधान मनजीत प्रधान समेत अनेक खापों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मेहंदीपुर बालाजी में 3 लाख रुपए में कमरा बनवाने के लिए धर्मशाला समिति ने अशोक मान को सम्मानित किया। समारोह का मंच संचालन दादा देव मंदिर के प्रधान हरीश पालम व मास्टर मौजी राम डागर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान रागणी का मंच भी सजाया गया। लोक कलाकार प्रीति चौधरी स्व. श्रीचंद मान के ऊपर लिखी रागणी भी सुनाई। पूजा अर्चना के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण शुरू किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की विभिन्न टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए की एक टीम मुख्य सिपाही सुनील कुमार के नेतृत्व में थाना बेरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की मौका पर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। अवैध हथियार के साथ पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान मनीष निवासी मारौत जिला झज्जर के तौर पर की गई है। वहीं एक अन्य टीम द्वारा एक युवक सचिन निवासी मारौत को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल व तीन खाली खोल बरामद हुए। इसके अलावा एक अन्य टीम ने थाना बेरी क्षेत्र से अवैध हथियार सहित एक आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी की पहचान अरविंद निवासी पलड़ा जिला झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

# निमाणा गांव के खेतों में कुएं से मिला प्रवासी मजदूर का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


- बीती 11 अप्रैल से लापता था मृतक नसीम अहमद

जिले के गांव निमाणा के खेतों में स्थित कुएं से एक प्रवासी मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान मूलरूप से यूपी के बरेली जिला स्थित फरीदपुर निवासी नसीम अहमद पुत्र बसीर के तौर पर हुई है। नसीम अपने परिवार के साथ कुछ माह पहले ही निमाणा गांव के एक ईंट भट्ठा पर पथाई का कार्य करने के लिए आया था। मृतक के पुत्र नाजिर ने बताया कि उसके पिता बीती 11 अप्रैल से लापता थे। मामले के जांच अधिकारी युद्धवीर ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से निमाणा के खेतों में स्थित कुएं में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए वे मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। पानी में गिरा होने के कारण शव गल गया था। कई दिनों से लापता होने के कारण परिजनों द्वारा भी मृतक की तलाश की जा रही थी। अब मृतक के पुत्र के बयानों पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।




# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

## लाइफ Style


# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में है। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई है।

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



## हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।




# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर



और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

***अमिताभ बच्चन*** *: शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



***अक्षय कुमार*** *: अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

***शाहरुख खान*** *: शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुईं शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते*** : अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।


**नायक** : साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा** : फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा** : साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज** : साल 2010 में आई ऑरेंज में

### टॉप हिट फिल्में....



राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

**येवाडू** : अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2)** : फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर**: राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप



### हनुमान चालीसा का जाप कर मनाया जन्मोत्सव

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के हिमालय सदन के विद्यार्थी रणदीप ने हनुमान बाबा का अभिनय किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशक हरवीर सिंह डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास तथा प्राचार्य चंद्रदीप दूबे ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए की। इसके बाद सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा हनुमान चालीसा का जाप किया गया।



### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ आयोजित

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृतिक प्राध्यापक अमित शर्मा, धर्मेंद्र शास्त्री, गोपाल कौशिक, मुकेश शर्मा आदि द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ में स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया, स्कूल प्राचार्या निधि कादियान, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिल कर चौपाइयों का उच्चारण किया।



### शिविर में 75 विद्यार्थियों ने कराया चेकअप

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब प्रभारी सुनील कुमार और डॉक्टर ज्योति ने बताया कि शिविर के दौरान महाविद्यालय के 75 विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने अपना चेकअप करवाया। इस दौरान ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, बीएमआई और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में निजी अस्पताल के डॉक्टर बक्शीश ने स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श दिया।



### स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूल प्रिंसिपल ललिता ने बच्चों को पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने के लिए जागरूक किया। साथ ही सभी अध्यापकों और बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा तथा प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए शपथ दिलाई। बच्चों ने भी पर्यावरण की रक्षा करने और प्लास्टिक का बहिष्कार करने का संदेश देती कई गतिविधियों का आयोजन किया। स्कूल परिसर में पौधे लगाए गए।

### आज सुनी जाएंगी बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं

**झज्जर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा जिला झज्जर के उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान को लेकर बुधवार को रोहतक स्थित मुख्य अभियंता राजीव गांधी विद्युत भवन कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निवारण मंच की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जोनल सीजीआरएफ रोहतक करेंगे।

## लोकसभा चुनाव : मतदान प्रक्रिया व ईवीएम के इस्तेमाल की दी जानकारी

# प्रथम पायलट रिहर्सल संपन्न

- जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई
- पोलिंग पार्टियों को संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए

एजेंसी ▶▶| नारनौल

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : राजकीय पीजी नेहरू कॉलेज के सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रथम चरण की पायलट रिहर्सल आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है और कर्मचारियों की रिहर्सल के चरण शुरू हो चुके हैं। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल का आयोजन किया गया। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रक्रिया व ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर विस्तार से अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी और अधिकारी आयोग द्वारा जारी इंफोर्मेशन हैंडबुक को ध्यान से पढ़ें। जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान बूथ के लिए डिस्पैच होने के बाद पोलिंग पार्टियां केवल निर्धारित वाहन में ही जाएं। ईवीएम केवल जीपीएस लगे निर्धारित वाहन में सुरक्षा बलों के साथ ही मूवमेंट करेगी। उन्होंने कहा कि 796 मतदान केंद्रों पर वोटिंग करवाने के लिए पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



झज्जर। ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

### 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो छह मई तक चलेगी। नामांकन की जांच सात मई को की जाएगी व नौ मई तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया चलेगी। 25 मई को मतदान होगा व चार जून को चुनाव का परिणाम घोषित किए जाएंगे।



झज्जर। कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान की शपथ लेते हुए महिलाएं।

# महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीमों द्वारा झज्जर, बेरी,बहादुरगढ़, बादली विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के दिन बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न विभागों की ओर से डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए, मुनादी करवाकर, मतदाता जागरूकता शपथ दिलाकर, व्याख्यान, हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, रंगोली, नुक्कड़ नाटक व लोकगीतों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

# लडरावन में चिकित्सा शिविर में चार हजार लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लडराव.न में स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को हनुमान जयंती के मौके पर मुफ्त चिकित्सा जांच तथा रक्तदान शिविर लगाया गया। स्कूल संचालक जयकिशन छिल्लर और अभिषेक छिल्लर ने बताया कि गिरावड़ के वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने कैंप में करीब 4 हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान चिकित्सा परामर्श के अलावा मुफ्त दवाइयां और 500 से अधिक चश्में वितरित किए गए। कैंप में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. आरएस पूनिया, सीएमओ ब्रह्मदीप संधू आदि ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। डॉ. सुषमा जैन, डॉ. ब्रिजेश ठाकरान, डॉ. वशिष्ठ सिंह, डॉ. दीपक जांगड़ा, डॉ. हरेंद्र, डॉ. परु सिंह, डॉ. एमएल जयपाल, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. मेघना चौहान, डॉ. सुमिता मलिक आदि ने कैंप में आए लोगों का स्वास्थ्य जांचा। अनिल, प्रवीन व राकेश आदि ने दवाइयां वितरित की। प्रधानाचार्य किशोर कुमार शर्मा ने सफाई को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कैंप में कुलदीप लाडपुरिया, बिजेंद्र राठी, डॉ. नीना सतपाल राठी, जितेंद्र राठी, जिला पार्षद रवि बराही, अनूप सिंह दहिया, नवीन बंटी आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कैंप में रक्तदान कर रहे अभिषेक छिल्लर को बैज लगाते अतिथि।

### सरकारी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला भर में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबंधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है।

# भाषण प्रतियोगिता में उर्मिला प्रथम रही

- प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अनीता रानी ने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अनीता रानी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय कानून व्यवस्था विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में भारतीय कानून व्यवस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, काव्य पाठ और स्लोगन लेखन को शामिल किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अनीता रानी ने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में अश्वनी को पहला, साहिल को दूसरा व निकिता को तीसरा स्थान मिला। पोस्टर मेकिंग में अंकिता पहले, सन्नी दूसरे व निकिता तीसरे स्थान पर रही। विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ सदस्य पवन कुमार ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में उर्मिला को पहला, तमन्ना को दूसरा व प्रिया शर्मा को तीसरा स्थान मिला जबकि काव्य पाठ में रश्मि प्रथम, प्रिया शर्मा द्वितीय व बेबी चौधरी तृतीय रही। जबकि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कुसुम ने प्रथम, बेबी चौधरी ने द्वितीय व मुस्कान ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर निशा रानी, सुनीता, पवन कुमार, डॉक्टर मोनिका, डॉक्टर रीना व मंजू कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। होनहार प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। वार्ड-18 में जिम का उद्घाटन करते इंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

# पूर्व सीएम के भाई ने किया जिम का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भाई इंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर वार्ड-18 में वर्ल्ड फिटनेस जिम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर ने परिवार समेत यज्ञ किया। यज्ञ उपरांत भंडारे में असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इंद्र हुड्डा ने कहा कि नाममात्र के शुल्क पर युवाओं को फिट रखने के इरादे से शुरू किया गया जिम युवाओं को लाभांवित करेगा। युवाओं को नशे से दूर रखने और शरीर को फिट रखने के लिए पावर लिफ्टिंग में नेशनल चैंपियन रहे युवराज छिल्लर ने यह जिम खोला है। यहां सोना बाथ और स्टीम बाथ के अलावा स्वीमिंग पूल की भी सुविधा है।

# मोहित गुलिया बने क्लेरिकल एसोसिएशन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा क्लेरिकल एसोसिएशन के आह्वान पर क्लेरिकल एसोसिएशन झज्जर द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया है। धरनास्थल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग से रोहताश ने की। कार्यकारिणी गठन के दौरान सर्वसम्मत्ति द्वारा शिक्षा विभाग से मोहित गुलिया को प्रधान, रेवेन्यू विभाग से दिनेश कुमार जिला सचिव, पब्लिक हैल्थ से सुरेंद्र सुहाग जिला संयोजक के लिए चुना गया। इनके अलावा कृषि विभाग से अधीक्षक सुरेश सहवाग व बीएंडआर से उप अधीक्षक यशपाल, शिक्षा विभाग से सत्यदेव को सलाहकार, रोडवेज से आनंद को वरिष्ठ सलाहकार, सिंचाई विभाग से धर्मेंद्र ढाका को कोषाध्यक्ष, रेखा को उपप्रधान व डीआईपीआरओ विभाग से लिपिक सतीश कुमार को मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई। नवनियुक्त प्रधान मोहित गुलिया ने कहा कि हमारी लड़ाई सरकार के साथ तब तक जारी रहेगी जब तक हमें अपना हक नहीं मिल जाता। इस मौके पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गणेश कुमार, हरीश, जितेंद्र, योगेंद्र, कप्तान सिंह, विकास, पवन, सुदेश, ओमबीर, सतबीर गुलिया, विष्णु, जयपाल, योगपाल, पुरुषोत्तम, बुधसिंह, जया यादव आदि भी मौजूद रहे।



झज्जर। धरना स्थल पर एकत्रित क्लेरिकल एसोसिएशन सदस्य।




झज्जर। शिक्षकों के साथ मौजूद ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में संस्कारम के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने वाणिज्य वर्ग के इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में उच्चतर रैंक पाकर कीर्तिमान बनाया है। संस्कारम समूह के अध्यक्ष डॉक्टर महिपाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा के 18 व बारहवीं से 20 विद्यार्थियों ने भागीदारी की थी। इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड हर वर्ष कॉमर्स के सब्जेक्ट एकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश व अतिरिक्त सब्जेक्ट मैथ व सामान्य ज्ञान के विषयों से प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता। हर विषय 25 मार्क्स का होता है और नेगेटिव मार्किंग 0.4 होती है। इसमें से ग्यारहवीं से निशा और कक्षा बारहवीं से हर्षित यादव ने एक्सीलेंस ट्रॉफी जीती जबकि दस विद्यार्थियों ने मैरिट सर्टिफिकेट हासिल किया।

# बुद्धोमाता मंदिर में हुआ विशाल भंडारा, कलश यात्रा भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जहां क्षेत्र के अधिकांश हनुमान मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं शहर के माता गेट स्थित प्राचीन बुद्धोमाता मंदिर में हवन यज्ञ व भंडारे के आयोजन के साथ-साथ श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक समिति सदस्य रामअवतार गहलोत उर्फ दीपक ने बताया कि प्रातः सात बजे हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। उसके उपरांत सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से शुरू हुई यह कलश यात्रा शहर के सर्कुलर रोड होते हुए दिल्ली गेट, मेन बाजार, बाबा प्रसादगिरी मंदिर आदि प्रमुख स्थलों के बाद वापिस मंदिर परिसर पहुंची। इसके उपरांत आयोजित भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजय शर्मा, बाल किशन बंसल, सुभाष सैनी, देवेंद्र सैनी, बलवान गहलावत, नफे सैनी, संदीप छिकारा, सतबीर सैनी, बलविंद्र, प्रवीण लक्खी गहलोत, मास्टर सुरेंद्र, सुभाष गुर्जर, संजीत कबलाना, चिराग लोहचब, अंकुश दूहन सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कलश यात्रा में भाग लेते हुए महिलाएं।

# प्रीति व मोक्षदा को मिला मिस फेयरवेल का खिताब

- बीकॉम अंतिम वर्ष एवं एमकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय के कामर्स विभाग में बीकॉम द्वितीय वर्ष एवं एमकॉम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने बीकॉम अंतिम वर्ष एवं एमकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इस आकर्षक कार्यक्रम में अंतिम वर्ष की छात्राओं ने प्राचार्या एवं अपने समस्त स्टाफ की प्रशंसा में गीत, डांस, गेम व टाइटल्स की प्रस्तुति देते हुए महाविद्यालय में बिताए संस्मरणों को सांझा किया। कामर्स विभाग अध्यक्षा नीरू रोहिला ने छात्राओं को फेयरवेल पार्टी के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिए परिश्रम ही एकमात्र साधन है। प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस फेयरवेल का खिताब बीकॉम फाइनल से कुमारी मोक्षदा को मिला जबकि मिस पर्सनालिटी कुमारी बरखा और मिस टैलेंटेड का खिताब कुमारी महिमा को दिया गया। एमकॉम फाइनल में कुमारी रेनू को मिस पर्सनालिटी तथा कुमारी प्रीति को मिस फेयरवेल के रूप में चुना गया। इस मौके पर प्राध्यापिका कुमारी श्रुति, ज्योति, कुमारी कोमल, नीतू कुमारी, कुमारी ज्योति अहलावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। फेयरवेल पार्टी के दौरान उपस्थित छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य।



### प्राथमिक शिक्षकों के लिए चार दिवसीय कार्यशाला शुरू

**झज्जर।** साल्हावास खंड के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय साल्हावास में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापकों के लिए चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण की शुरूआत की। कार्यशाला का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज व खंड शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निपुण हरियाणा मिशन में कक्षा पहली से तीसरी तक में मिली सफलता के बाद अब एफएलएन मिशन को चौथी व पांचवीं कक्षा तक प्रमोट किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने कहा कि प्राथमिक अध्यापक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई गई मुहिम को मुकाम तक पहुंचाने का जज्बा रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अभिभावकों को विश्वास में लेकर स्कूल की छात्र संख्या बढ़ाने के लिए मेहनत करें। इस कार्यक्रम में चालीस अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मेरा कोई न सहारा बिन तेरे.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**झज्जर।** बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में श्री खेड़ापति रामायण मंडल झज्जर द्वारा 38वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें उमाशंकर वशिष्ठ, सूबे सिंह हरित, लाला ताराचंद बंसल, विपिन राज एडवोकेट, हर्ष डोगरा, डॉक्टर रिंकू नंदा, विकास शर्मा, रजनीश हरित सहित श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का पाठ किया। इस अवसर पर नवीन, मुकुल शर्मा, प्रीत, महेश, सुरेंद्र बंसल, नंद किशोर, रुद्राक्ष हरित, बाबा डमरू वाले, ललित सेन, दिनेश सोनी, श्रीभगवान शर्मा, इशिका, प्राची, भूषण चुघ, संजय परुथी, समुंदर सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहें।



सूचना

मैं, विनोद कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी गांव गोयला कलां, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए उसे अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में रवि के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। रवि अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**खबर संक्षेप**

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता हो गया है। बिजेंद्र का कहना है कि उसका 17 वर्षीय बेटा नितिन बादली जाने का नाम लेकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया।

## दुजाना में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**झज्जर।** धनुर्धर धानक समाज की जिला इकाई द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से दुजाना गांव में 25 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। दुजाना गांव निवासी राजेंद्र सिंह फौजी ने बताया कि गांव की धानक चौपाल में प्रातः दस बजे से शुरू होने वाले इशिविर में आयुष विभाग की पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति द्वारा अपनी टीम के साथ सेवाएं दीं जाएंगी।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

बहादुरगढ़। आसौदा चौकी पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव आसौदा में ड्रेन पुल के नजदीक एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान आकाश उर्फ सागर के रूप में हुई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### दिनभर जय श्रीराम, जय हनुमान के गूंजते रहे जयघोष

# परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ मनाई हनुमान जयंती

मेन बाजार सहित प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित बाबा हनुमान की विशेष पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इसके अलावा मेन बाजार सहित प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।
दोपहर बाद प्राचीन हनुमान मंदिर, बाबा कांशीगिरी मंदिर और मढ़ी माता मंदिर से बाबा हनुमान की आर्कषक झांकियां निकाली गई। जिसके कारण पूरा माहौल रामामय हो गया। दिनभर शहर में जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते हुए दिखाई दिए।



झज्जर। झज्जर। बाबा हनुमान मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*



बहादुरगढ़। शोभा यात्रा में ध्वजा के साथ नाचते हनुमान भक्त।

## महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन



**बहादुरगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। लाइनपार के विकास नगर फेस-2 की श्रीराम सोसाइटी में स्थित हनुमान मंदिर में भी हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। हवन से कार्यक्रम शुरुआत हुई। लोगों ने हवन में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानजी की आरती की गई। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन कर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे में काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने शिरकत की। राजबीर सिंह, हरिओम मुदगिल, दीक्षित पंडित, शशि, धर्मेंद्र दलाल, कुलदीप, जोशी, प्रमोद, संदीप आदि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## हनुमान जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**बहादुरगढ़।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मेन बाजार के महावीर मंदिर से नजफगढ़ रोड स्थित बालाजी मंदिर तक बालाजी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। मंगलवार को बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा शहर के सराय औरंगाबाद में भी चौधरी हवा सिंह राठी की ओर से 10वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। एमआईई में स्थित आरबी यादव एंड एसोसिएट्स द्वारा मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ के उपरांत भंडारा आयोजित किया गया।



यात्रा में शामिल एक बाल रूप हनुमान।



झज्जर। सरकारी बस में सवार होते हुए विद्यार्थी।

## अब सरकारी बस में बैठकर स्कूल पहुंचेंगे ढाकला राजकीय स्कूल के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी

**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल ढाकला के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए सरकारी बस सेवा शुरू की गई है। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि इस विद्यालय में निकटवर्ती गांव कासनी, कन्वाह, नवादा, कोंहन्द्रावली तथा चांदौल गांव से करीब 160 विद्यार्थी नियमित स्कूल में पढ़ने आते हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए एसएमसी प्रधान रविंद्र, रिटायर्ड शिक्षक सुरेंद्र कुमार के प्रयासों से ही विद्यार्थियों के लिए रोडवेज बस सुविधा शुरू हो पाई है। मंगलवार को विभिन्न गांवों में बस के पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा बस के चालक व परिचालक को फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया। विद्यार्थी भी बस सेवा शुरू होने से प्रसन्नचित दिखाई दिए।

# जानलेवा हमला करने के मामले में महिला सहित दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव खापड़वास में घर में घुसकर मारपीट करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि खापडवास निवासी एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान राकेश निवासी कासनी के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



बहादुरगढ़। सांसद समेत अन्य अतिथियों का स्वागत करते धर्मवीर वर्मा।

# वर्मा ने सेक्टर-6 में लगाया भंडारा

- भंडारे में सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़ आदि शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने सेक्टर-6 स्थित अपने निवास पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ यज्ञ में आहुति भी डाली। भंडारे में सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व विधायक नरेश कौशिक और सेवानिवृत आईएएस अधिकारी आरआर जोवल ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शेखर यादव, जिला पार्षद रविंद्र बराही, शतीश नंबरदार, पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता, कर्मवीर राठी, राजेश मकड़ौली, सोमवती जाखड़, दिनेश शेखावत, पार्षद अशोक शर्मा, राजेश तंवर, प्रवीण सोनू, पवन रोहिल्ला, उद्यमी पवन जैन, सुभाष जग्गा, नरेंद्र छिकारा, महिपाल गुलिया, गुलाब मलिक, बिजेंद्र वशिष्ट, ऋषि भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, सतीश घई व महेश चंद आदि ने भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# सड़क हादसे में घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में घायल हुए युवक ने दम तोड़ दिया। गुरुग्राम के एक अस्पताल में युवक ने अंतिम सांस ली। बहादुरगढ़ पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय यश के रूप में हुई है। यश नजफगढ़ का रहने वाला था। यहां बहादुरगढ़ के सेक्टर-17 में स्थित एक कंपनी में काम करता था। कंपनी में नाइट शिफ्ट की ड्यूटी खत्म करने के बाद 19 अप्रैल की सुबह बाइक पर सवार होकर घर के लिए चला। जब बाईपास पर एचएल सिटी चौकी के निकट पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दुर्घटना में उसे गंभीर चोट आई। परिजन उसे गुरुग्राम के अस्पताल में ले गए। तब से उसका ईलाज जारी थी। मंगलवार की सुबह उसने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इधर, सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए तथा पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। जांच अधिकारी राजीव कुमार के अनुसार, 19 अप्रैल को सड़क हादसे में युवक घायल हुआ था। उसने दम तोड़ दिया है। परिजनों के बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

# प्रेरणा व मनीष रहे प्रतियोगिता में प्रथम

- राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में पोस्टर मेंकिग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के कार्यवाहक प्राचार्या सुमन हुड्डा के निर्देशन में वाणिज्य, प्रबंधन और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर मेंकिग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उनके अनुसार ये प्रतियोगिताएं न केवल बौद्धिक रूप से प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि छात्रों को वाणिज्य विषय के विकासशील परिदृश्य को विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। छात्रों ने डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों से संबंधित अवधारणाओं को चित्रित करते हुए अपनी कला व रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने वैश्वीकरण व स्थानीय व्यवसाय, ई-कामर्स के विषय पर निबंध भी लिखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेरणा व मनीष, द्वितीय स्थान विकास व काजल तथा तृतीय स्थान लिपिका व मनीष ने प्राप्त किया। सहायक प्रोफेसर नरेंद्र, जागृति व अमित ने गतिविधियों का मूल्यांकन किया। इस मौके पर अनु, कविता, रचना, हीरा, सुनीता व पूनम भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में छात्र संघ के विद्यार्थियों ने भी अपना योगदान दिया।




बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर दिखाते कॉलेज के छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

# प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी

- कांग्रेस उम्मीदवार को मैदान में आने के बाद पता चल जाएगी जमीनी हकीकत : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कांग्रेस आलाकमान भी जान चुका है कि हुड्डा परिवार किस तरह से भय व परिवार वाद की राजनीति करता है। कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार और परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं है और कांग्रेस उम्मीदवार को मैदान में आने के बाद जमीनी हकीकत का पता चल जाएगा। कांग्रेस शासन काल के भय व भ्रष्टाचार को प्रदेश की जनता नहीं भूली है और अब वोट की ताकत से जनता इसका जवाब देगी। प्रदेश में दस की दस सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। यह बात भाजपा सांसद एवं रोहतक लोकसभा से प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा ने झज्जर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है और देश की जनता को प्रधानमंत्री की गारंटी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने दावा किया हरियाणा की जनता मन बना चुकी है की तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर लाल किले से मोदी ही झंडा फहराएंगे। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, पूर्व मंत्री कांता देवी, मंडल अध्यक्ष केशव सिंगल, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य मनीष बंसल, पूर्व नप वाईस चेयरमैन प्रवीन गर्ग, नीरज भगतजी, रमेश वाल्मीकि, गुलशन शर्मा, मुकुल कौशिक, शंटी तलवार, विनीत पोपली, प्रमोद बंसल, सुनीता चौहान आदि मौजूद रहे।



झज्जर। शहर में डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*



बहादुरगढ़। पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते विद्यार्थी।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण का दिया संदेश

- विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल व बिजली बचाने की शपथ भी दिलाई गई

**बहादुरगढ़।** शहर के शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल में कक्षा 5वीं से लेकर 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण, जल व बिजली बचाने का संदेश देते हुए जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण व कचरा प्रबंधन के उपाए भी लोगों को बताएं। स्कूल डायरेक्टर प्रवीण शर्मा व प्राचार्य राजेश्वरी देवी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल व बिजली बचाने की शपथ भी दिलाई। रैली में सुमित्रा, रीतू, पूनम, मुस्कान, सरिता व तरुण कौशिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## मकान के बाहर से वाहन चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। अब सुभाष नगर में एक मकान के बाहर खड़ी ई-रिक्शा पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। बामड़ोली के निवासी रमेश ने कहा है कि वह ई-रिक्शा चलाता है। गत 20 अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे अपनी ई-रिक्शा अपने दोस्त बिट्टू के मकान के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद गांव चला गया। अगली सुबह बिट्टू ने बताया कि ई-रिक्शा चोरी हो गई है। इसके बाद अपने स्तर पर तलाश शुरू की। अब तक ढूंढता रहा लेकिन नहीं मिली। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला संपन्न

# बच्चों को पढ़ने में मजा आए ऐसी पढ़ाई कराए शिक्षक : सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही प्राथमिक अध्यापकों की चार दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गई। समापन अवसर पर एससीआरटी गुरुग्राम से डायरेक्टर सुनील बजाज, एसपीआईयू सदस्य अनन्या कपूर, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, जिला समन्वयक एफएलएन डॉक्टर सुदर्शन पूनिया, डाइट से सुनील कुमार और भूपेंद्र रोज शामिल हुए। अध्यापकों को संबोधित करते हुए सुनील बजाज ने गणित विषय को आसान, रुचिकर और छात्र केंद्रित बनाने के लिए
अध्यापकों के साथ बहुत से टिप्स सांझा किए। उन्होंने विशेष रूप से कश्मीरी और हरबंस पहेली पर विस्तार से प्रकाश डाला कि इनसे कैसे बच्चों की दिमागी कसरत कराई जा सकती है। उन्होंने दैनिक जीवन से पैटर्न को जोड़कर बहुत से उदाहरण भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने शिक्षकों को कार्यशाला में सिखाए गए निपुण के मापदंड, समझ के साथ पढ़ना एवं एनसीएफ के तहत पाठ्यचर्या के कारकों को अपनी टीचिंग लर्निंग में लागू करने के दिशा निर्देश दिए। सुभाष भारद्वाज ने कहा कि निपुण कार्यक्रम से विद्यार्थियों में बहुत सुधार देखने को मिला है और बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि उक्त कार्यशाला में अध्यापकों को कक्षा चौथी और पांचवीं के निपुण लक्ष्यों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई हैं जिन्हे अब अध्यापकों द्वारा अपने कक्षा कक्ष में लागू किया जाएगा। इस मौके पर प्रदीप कुमार व चाप सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यशाला के समापन पर एकत्रित प्राथमिक शिक्षक एवं अतिथिगण।